# लखनऊ विश्वविद्यालय

## लखनऊ, उ0प्र0—226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2018

दिनांक :..........................................

ई—मेल/रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत

### कार्यालय—ज्ञाप

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय/महोदया,

लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के परिप्रेक्ष्य में सूच्य है कि विश्वविद्यालय द्वारा बार—बार पत्र निर्गत कर समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती रही है कि मानकानुसार शिक्षकों का अनुमोदन प्राप्त कर अनुमोदित/कार्यरत शिक्षकों की सूची महाविद्यालय की वेबसाईट पर आवश्यक रूप से अपलोड की जाय, किन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा सूची अपलोड नहीं की जा रही है, जो महाविद्यालयों की उदासीनता का द्योतक है।

अतः समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में निर्धारित मानकानुसार अनुमोदित शिक्षकों की सूची सहित समस्त विवरण महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में उ0प्र0 शासन व विश्वविद्यालय के निर्देशों की अवहेलना मानते हुए नियमानुसार महाविद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्रारम्भ की जा सकती है जिसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या : Af/17653-56 दिनांक : 07/8/18

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0।
3. इंचार्ज, वेबसाइट/कम्प्यूटर सेन्टर, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई—मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. प्रबन्धक/प्राचार्य समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को अनुपालनार्थ।
5. गार्ड फाईल।

(रणजीत यादव)
उप कुलसचिव (सम्ब.)